# भारतीय शिक्षा बोर्ड अर्थशास्त्र (144) – कक्षा XII

समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश:

I. इस प्रश्न पत्र के दो खंड है, दोनों खंडों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

II. प्रश्न संख्या 1-10 तथा 18-27 बहु विकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना है।

III. प्रश्न संख्या 11-12 तथा 28-29 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। इनके उत्तर सामान्यतः 60-80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

IV. प्रश्न संख्या 13-15 तथा 30-32 भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। इनके उत्तर सामान्यतः 80-100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

V. प्रश्न संख्या 16-17 तथा 33-34 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। इनके उत्तर सामान्यतः 100-150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

VI. उत्तर संक्षिप्त तथा विषयानुकूल होने चाहिए और जहाँ तक संभव हो, उपर्युक्त शब्द-सीमा का पालन किया जाना चाहिए।

| खंड - क : समष्टिगत अर्थशास्त्र | | |
|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
| 1 | किसी राष्ट्र के चालू खाते (Current Account) के लेन-देन के संदर्भ में, _______ को _______ मद के रूप में दर्ज किया जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>विकल्प:<br>A) वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात; डेबिट B) सभी अंतरण भुगतान; डेबिट<br>C) वस्तुओं एवं सेवाओं का आयात; क्रेडिट D) सभी अंतरण प्राप्तियाँ; डेबिट | 1 |
| 2 | केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को ____________ द्वारा कम कर सकता है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>A) नकद आरक्षित अनुपात को कम करके<br>B) बैंक दर को कम करके<br>C) बैंक दर को बढ़ाकर<br>D) सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) की खरीद द्वारा | 1 |
| 3 | किसी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं की माल-सूची (Inventory) एक _______ अवधारणा है, जबकि माल-सूची में परिवर्तन एक _______ अवधारणा है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>विकल्प:<br>A) स्टॉक, प्रवाह B) स्टॉक, स्टॉक<br>C) प्रवाह, स्टॉक D) प्रवाह, प्रवाह | 1 |
| 4 | नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br> | |

| | | |
|---|---|---|
| | उपरोक्त चित्र में, निम्नलिखित में से सरकारी बजट की कौन-सी स्थिति इंगित की गई है?<br>विकल्प:<br>A) संतुलित बजट B) बजट घाटा<br>C) बजट अधिशेष D) राजस्व अधिशेष | 1 |
| 5 | मान लीजिए कि, औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) का मान 0.8 है तथा राष्ट्रीय आय ₹ 5,000 करोड़ है, तो बचत का मान ₹ ______ करोड़ होगा। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>विकल्प:<br>A) 1000 B) 200 C) 500 D) 800 | 1 |
| 6 | पहचान करें की, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर नहीं है?<br>A) संपत्ति कर B) निगम कर C) वस्तु एवं सेवा कर (GST) D) आयकर | 1 |
| 7 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन I: मुद्रास्फीतिक अंतराल अर्थव्यवस्था में विद्यमान अधि-माँग के कारण उत्पन्न होता है।<br>कथन II: मंदी के दौरान सरकार कर दरों में कमी करती है।<br>उपरोक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:<br>A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।<br>B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है।<br>C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 8 | निम्नलिखित कथनों: अभिकथन (A) तथा कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें:<br>अभिकथन (A): स्थिर विनिमय दर प्रणाली विदेशी मुद्रा के मूल्य में संभावित उतार-चढ़ाव को कम करती है।<br>कारण (R): स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत मुद्रा का मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है।<br>विकल्प:<br>A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।<br>D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 9 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन 1: प्रबंधित तिरती विनिमय दर प्रणाली, स्थिर एवं लचीली विनिमय दर प्रणाली का मिश्रण है।<br>कथन 2: प्रबंधित तिरती विनिमय दर प्रणाली को 'संकर प्रणाली' (Hybrid System) भी कहा जाता है।<br>उपरोक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:<br>A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।<br>B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है।<br>C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 10 | भारत में मुद्रा आपूर्ति के आँकड़े _______ जारी करता है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>A) कॉर्पोरेट बैंक ऑफ इंडिया B) भारतीय रिज़र्व बैंक<br>C) भारतीय वाणिज्यिक बैंक D) भारतीय स्टेट बैंक | 1 |

11 अर्थव्यवस्था के भुगतान संतुलन (Balance of Payments) में स्वायत्त लेन-देन तथा समायोजी लेन-देन के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

12 A किसी देश में राष्ट्रीय आय के आकलन की व्यय विधि से संबंधित कोई दो सावधानियाँ स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

B निम्नलिखित आँकड़ों से 'विक्रय' (Sales) का मान ज्ञात कीजिए: 3

| क्रम संख्या | विवरण | राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| (i) | अनुदान | 20 |
| (ii) | परिचालन अधिशेष | 50 |
| (iii) | प्रारंभिक स्टॉक | 10 |
| (iv) | अंतिम स्टॉक | 60 |
| (v) | मध्यवर्ती उपभोग | 300 |
| (vi) | स्थिर पूँजी उपभोग | 70 |
| (vii) | लाभ | 50 |
| (viii) | साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वर्धन ($NVA_{FC}$) | 270 |

13 मान लीजिए कि किसी अर्थव्यवस्था में प्राथमिक जमा ₹ 5,000 है तथा आरक्षित अनुपात 25% है। बैंकिंग प्रणाली द्वारा सृजित कुल जमा तथा कुल साख सृजन का आकलन कीजिए। 4

14 A किसी अर्थव्यवस्था में ₹ 3,000 करोड़ का प्रारंभिक निवेश किया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रथम चक्र में आय में ₹ 3,000 करोड़, द्वितीय चक्र में ₹ 2,400 करोड़ की वृद्धि हुई तथा यह क्रम आगे भी जारी रहा।

(i) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का आकलन कीजिए। 1

(ii) आय में कुल वृद्धि का आकलन कीजिए। 3

अथवा

B लुप्त मान ज्ञात कीजिए: 4

| आय (Y) | उपभोग(C) | निवेश (I) | समष्टि माँग |
|---|---|---|---|
| 0 | 50 | 50 | –(II)– |
| 100 | 130 | –(III)– | –(IV)– |
| 200 | –(V)– | 50 | –(VI)– |
| 300 | 290 | –(VII)– | –(VIII)– |

15 "प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के अंतर्गत सरकार समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नकदरहित स्वास्थ्य बीमा एवं चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करती है।"
उपरोक्त कथन में निहित बजटीय व्यय की प्रकृति तथा उद्देश्य की पहचान कर उसकी व्याख्या कीजिए। 4

16 A) i) किसी राष्ट्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने हेतु 20 नए विश्वविद्यालयों के निर्माण का सकल घरेलू उत्पाद तथा कल्याण पर संभावित प्रभाव स्पष्ट कीजिए। 3

ii) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (Real GDP) और मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (Nominal GDP) में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा


B) i) विदेशों से शुद्ध साधन आय (NFIA) को परिभाषित कीजिए तथा उसके घटकों की चर्चा कीजिए। 4

ii) सकारात्मक बाह्यता (Positive Externality) तथा नकारात्मक बाह्यता (Negative Externality) का एक-एक उदाहरण दीजिए। 2

17 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:

| | | |
|---|---|---|
| | किसी काल्पनिक राष्ट्र BETA की अर्थव्यवस्था धीमी आर्थिक वृद्धि तथा बढ़ती बेरोज़गारी का सामना कर रही थी, जिसका कारण अल्प निवेश एवं कमजोर उपभोक्ता माँग थी। आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्रीय बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (CRR) में 100 आधार अंकों की कमी की। परिणामस्वरूप, वाणिज्यिक बैंकों को कम धनराशि आरक्षित रखनी पड़ी और वे व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं को अधिक ऋण प्रदान कर सके। कम ब्याज दरों पर ऋण की उपलब्धता बढ़ने से फर्मों ने उत्पादन विस्तार एवं नई परियोजनाएँ स्थापित करने हेतु अधिक ऋण लिया। इससे निवेश व्यय में वृद्धि हुई, जिसने अर्थव्यवस्था में समष्टि माँग में वृद्धि की। उत्पादन में वृद्धि पर फर्मों ने अधिक श्रमिकों को नियुक्त किया, जिससे बेरोज़गारी में कमी आई तथा राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई। उपभोक्ताओं ने भी ऋण की आसान उपलब्धता के कारण अधिक व्यय किया, जिससे माँग में और वृद्धि हुई।<br>इस प्रकार, CRR में कमी ने अर्थव्यवस्था में निवेश, उपभोग तथा समष्टि माँग में वृद्धि के माध्यम से आय एवं रोजगार के उच्च स्तर के निर्धारण में सहायता की।<br>उपरोक्त गद्यांश एवं सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | |
| | i) नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को परिभाषित कीजिए। | 1 |
| | ii) BETA अर्थव्यवस्था द्वारा सामना की जा रही समस्या की संक्षेप में पहचान कीजिए। | 2 |
| | iii) स्पष्ट कीजिए कि नकद आरक्षित अनुपात (CRR) में कमी, BETA की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करेगी। | 3 |
| | **खंड - B : भारतीय आर्थिक विकास** | |
| 18 | निम्नलिखित कथनों: अभिकथन (A) तथा कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें:<br>अभिकथन (A): वर्ष 1921 को 'महान विभाजन का वर्ष' कहा जाता है।<br>कारण (R): वर्ष 1921 के बाद भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में तीव्र वृद्धि हुई।<br>विकल्प:<br>A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।<br>D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 19 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन 1: कृषि में समानता हेतु भूमि सुधार आवश्यक थे, जिनका अर्थ भूमि स्वामित्व में परिवर्तन से है।<br>कथन 2: स्वामित्व के अभाव ने कृषकों की कार्यकुशलता को कम किया, जिससे भारत में कृषि का प्रदर्शन कमजोर रहा।<br>उपरोक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:<br>A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।<br>B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है।<br>C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 20 | निम्नलिखित कथनों: अभिकथन (A) तथा कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें:<br>अभिकथन (A): भारत सरकार के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के विनिवेश से समग्र उत्तरदायित्व एवं व्यावसायिकता में वृद्धि हुई है।<br>कारण (R): भारत सरकार ने विनिवेश का उपयोग मुख्यतः वित्तीय अनुशासन सुधारने तथा आधुनिकीकरण को | |

| | | |
|---|---|---|
| | सुगम बनाने हेतु किया।<br>विकल्प:<br>A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।<br>D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 21 | __________ ने अनेक केंद्रीय एवं राज्य करों तथा उपकरों को समाहित कर दिया है तथा वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगाए जाने वाले अनेक करों का स्थान लिया है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>विकल्प:<br>A) मूल्य संवर्धित कर B) वस्तु एवं सेवा कर (GST)<br>C) केंद्रीय बिक्री कर D) बिक्री कर | 1 |
| 22 | चूँकि कृषि क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ है, इसलिए अधिक श्रमिकों को गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार की आवश्यकता है। गतिशील गैर-कृषि उपक्षेत्रों में शामिल हैं:<br>i) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग<br>ii) चमड़ा उद्योग एवं पर्यटन<br>iii) कृषि-प्रसंस्करण उद्योग<br>सही विकल्प का चयन करें:<br>A) i एवं ii B) ii एवं iii C) i एवं iii D) i, ii एवं iii | 1 |
| 23 | टाइफाइड नियंत्रण हेतु चलाया गया टीकाकरण अभियान ________ चिकित्सा का उदाहरण है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>A) निवारक B) सामाजिक C) उपचारात्मक D) भावनात्मक | 1 |
| 24 | उस संगठन की पहचान कीजिए जो गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा प्रदान करने हेतु शीर्ष संगठन के रूप में कार्य कर रहा है।<br>A) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)<br>B) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR)<br>C) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)<br>D) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) | 1 |
| 25 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन 1: वर्ष 1978 में कम्यून भूमि को खेती के लिए व्यक्तिगत परिवारों के बीच छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर दिया गया।<br>कथन 2: कम्यून प्रणाली के अंतर्गत पेशेवर लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने और वहाँ से सीखने के लिए भेजा गया।<br>उपरोक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:<br>A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।<br>B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है।<br>C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 26 | _________ क्षमता का अर्थ पर्यावरण की क्षरण को अवशोषित करने की क्षमता से है।<br>(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)<br>विकल्प: | |

<table>
<tr><td></td><td>A) अवशोषण B) आत्मसात C) वहन D) सतत क्षमता</td><td>1</td></tr>
<tr><td>27</td><td>निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पाँच वर्षीय योजनाओं के प्रारंभ का सही कालानुक्रमिक क्रम दर्शाता है?<br>A) भारत, चीन एवं पाकिस्तान B) चीन, भारत एवं पाकिस्तान<br>C) पाकिस्तान, चीन एवं भारत D) भारत, पाकिस्तान एवं चीन</td><td>1</td></tr>
<tr><td>28</td><td>दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए:<br><br>i) चित्र में इंगित पर्यावरणीय चुनौती की पहचान कीजिए।<br>ii) इंगित पर्यावरणीय चुनौती के किसी एक संभावित प्रभाव की व्याख्या कीजिए।</td><td>1<br>2</td></tr>
<tr><td>Q29<br><br>A.<br><br><br><br><br><br><br><br>B.</td><td>भारत में रोजगार वितरण से संबंधित निम्नलिखित जानकारी की तुलना एवं विश्लेषण कीजिए।<br>
<br>अथवा<br>“शहरी महिलाओं की तुलना में अधिक ग्रामीण महिलाएँ कार्यरत पाई जाती हैं।”<br>उपयुक्त स्पष्टीकरण के साथ उक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।</td><td>3<br><br>3</td></tr>
<tr><td>30</td><td>“विपणन व्यवस्था में सुधार हेतु सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर तब जब कृषि उत्पादों का बड़ा भाग निजी क्षेत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता हो।”<br>इस संदर्भ में सरकार द्वारा आरंभ किए गए कोई दो उपाय स्पष्ट कीजिए।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>31<br>A)<br><br><br><br>B)</td><td>“1991 के सुधारों के अंतर्गत भारत की विनिवेश नीति में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (PSUs) में सरकार की हिस्सेदारी की बिक्री शामिल थी।”<br>सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय के पीछे के तर्क की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>कुछ अर्थशास्त्रियों का मत है कि:<br>“1991 के पश्चात आर्थिक सुधारों के बाद वैश्वीकरण ने औद्योगिक क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।”<br>उपयुक्त तर्कों के साथ उक्त कथन का समर्थन कीजिए।</td><td>4<br><br>4</td></tr>
<tr><td>32</td><td>A) ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के विकास का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।<br>B) ब्रिटिश शासकों द्वारा प्रोत्साहित की गई किसी दो नगदी फसलों (Cash Crops) के नाम बताइए।</td><td>3<br>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 33<br>A i) | "हाल के समय में भारत सरकार ने विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन हेतु महत्वपूर्ण पहल की हैं।"<br>उपयुक्त तर्कों के साथ उक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 4 |
| ii) | प्रच्छन्न बेरोजगारी (Disguised Unemployment) को उपयुक्त उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए। | 2 |
| | अथवा | |
| B i) | "जैव-कीटनाशक हरित क्रांति के मृदा एवं जल निकायों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने में सहायता करते हैं तथा सतत विकास को बढ़ावा देते हैं।"<br>उपयुक्त स्पष्टीकरण के साथ उक्त कथन का समर्थन कीजिए। | 3 |
| ii) | मानव पूंजी निर्माण तथा आर्थिक विकास के मध्य संबंध स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| 34 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए:<br>भारत, पाकिस्तान और चीन ने भिन्न राजनीतिक व्यवस्थाएँ अपनाईं, किंतु तीनों देशों ने 1950 के दशक में विकास हेतु आर्थिक नियोजन प्रारंभ किया। भारत एवं पाकिस्तान ने मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल अपनाया, जबकि चीन ने राज्य-नियंत्रित आदेशात्मक अर्थव्यवस्था को अपनाया। प्रारंभिक चरण में तीनों देशों की विकास दर, रोजगार संरचना तथा विकास का स्तर लगभग समान था। भारत और पाकिस्तान मुख्यतः सार्वजनिक क्षेत्र पर निर्भर थे, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था पूर्णतः राज्य द्वारा नियंत्रित थी। आर्थिक सुधारों के लागू होने के बाद विकास में स्पष्ट अंतर दिखाई देने लगा। प्रभावी नीतिगत उपायों तथा तीव्र औद्योगिक विकास के कारण चीन ने तीव्र प्रगति की और आर्थिक एवं सामाजिक विकास के अधिकांश क्षेत्रों में भारत एवं पाकिस्तान से आगे निकल गया।<br>उपरोक्त गद्यांश एवं सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br>(i) भारत एवं पाकिस्तान की कोई दो समान विकासात्मक रणनीतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।<br>(ii) 'उल्लेखित तीनों देशों में से चीन ने अपने सुधारों के माध्यम से लगभग सभी क्षेत्रों में अन्य दो देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।'उपयुक्त तर्कों के साथ उक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 3<br>3 |